Spurious Liquor Scam: हिमाचल में नकली और जहरीली शराब का सप्लायर गौरव मिन्हास गिरफ्तार

ऊना. हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में नकली शराब की सप्लाई, अवैध शराब और स्पिरिट के ड्रम मिलने के मामले में पुलिस ने पालमपुर निवासी गौरव मिन्हास उर्फ गोरू को गिरफ्तार कर लिया है. हालांकि कहा जा रहा है कि आरोपी ने सरेंडर किया है. पुलिस इस मामले में लगातार गौरव मिन्हास की तलाश कर रही थी और शुक्रवार को पुलिस को सफलता मिली. पुलिस अब गौरव को अदालत में पेश करेगी और रिमांड का आग्रह करेगी, जिसके बाद इस मामले में गौरव से पूछताछ करके परते खोली जाएंगी.

दरअसल, ऊना में पुराना होशियारपुर रोड पर स्थित ट्रांसपोर्ट ऑफिस से पुलिस ने 10 ड्रम स्पिरिट बरामद किए थे और इससे पहले 20 ड्रम की डिलीवरी ले जाई

जा चुकी थी. इस डिलीवरी में एक पिकअप जीप शामिल थी, जोकि गौरव मिन्हास की पत्नी के नाम पर पाई गई थी. इसके बाद गौरव की पत्नी को पुलिस ने ऊना थाना तलब किया था और गौरव की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगातार छापामारी कर रही थी, जिसके चलते गौरव भी दबाव में था.

पहले मिली थी नकली शराब

ऊना थाना सदर की पुलिस ने बहड़ाला लिंक रोड पर एक गाड़ी से 45 पेटी देसी शराब बरामद की थी. इन बोतलों पर नकली लेबल और होलोग्राम पाए गए थे. इसके बाद पुलिस ने एक्साइज एक्ट सहित आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था. मलाहत निवासी मोहित और नंगल निवासी अश्विनी इस मामले में गिरफ्तार हुए थे. उनकी निशानदेही पर ऊना थाना सदर की पुलिस ने एसएचओ मनोज वालिया की अगुवाई में मेहतपुर स्थित के गोदाम पर छापा मारा जहां 375 पेटी शराब बरामद हुई और इन पर भी नकली लेबल और होलोग्राम लगे पाए गए. पुलिस जांच में पाया गया कि इससे पहले 225 बोतलें गौरव मिन्हास से लेकर ऊना, मेहतपुर और हरोली क्षेत्र में पहले ही सप्लाई हो चुकी हैं.

Source: https://hindi.news18.com/news/himachal-pradesh/una-spurious-liquor-scam-main-accused-and-fake-sharab-supplier-gaurav-minhas-arrested-by-una-police-6399763.html